।। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मा0शिक्षा अजमेर ।।

क्रमांक – जिशिअ/मुख्या/माशि/अज/2019/738 दिनांक – 23.10.19

समस्त संस्था प्रधान
राजकीय/गैर राजकीय विद्यालय
उमावि/मावि (छात्र/छात्रा)
जिला अजमेर।

विषय – विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबधी ज्ञान को प्रोत्साहित करने के संबध में।
प्रसंग – कार्यालय निदेशक मा0शिक्षा बीकानेर के पत्रांक – शिविरा/माध्य/माध्यमिक/सीसीआरटी/ /2017 दिनांक 16.09.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के कम में लेख है कि सीएसआईआर – राष्ट्रीय विज्ञान,प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं मानविकी विषयों में कक्षा 5 से 12 तक अध्ययन करने वाले प्रतिभाशाली और गुणवान विद्यार्थियों का चयन किया जना है जो कि राजकीय व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत है,निदेशक,राष्ट्रीय विज्ञान,प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान,नई दिल्ली के पत्रांक संख्या एनआईएस/डीआईआर/लेटर्स/2019 (16) जो सीएसआईआर द्वारा संचालित KAMP (KNOWLEDGE AND AWARENESS MAPPING PLATFORM) कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 5 से 12 तक अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबधी ज्ञान को प्रोत्साहित करने से संबधित है, के द्वारा अवगत कराया गया है कि KAMP का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रकृति को पहचानना एवं उसे प्रोत्साहित करना है जिससे भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा मानविकी क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व कर सके, के संबध में विद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त अनुक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया उपरोक्त विषयक विस्तृत जानकारी संबधित वेबसाईट http://kamp.nistads.res.in से प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय का रजिस्ट्रेशन उक्त वेबसाईट पर करते हुए अपने विद्यालय से एक अध्यापक को उक्त कार्य हेतु नोडल ऑफिसर नियुक्त करते हुए संबधित कार्मिक का नाम मय मोबाईल नंबर उक्त व्हाट्सएप नंबर 8448806952 पर सूचित करे। साथ ही आप अपने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करावे। उक्त कार्य के अतिरिक्त आपको यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत एक परीक्षा का आयोजन किया जाना है,तथा परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। अतः पत्र को प्राथमिकता देते हुए व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है,जिससे कि विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुयी प्रतिभा को सम्मान प्राप्त हो सकें। किसी भी असुविधा होने पर कृपया हेल्प लाईन नंबर 08448480146 पर संपर्क करें

23/10

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय मा0शिक्षा अजमेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01.श्रीमान् निदेशक महोदय माध्यमिक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर राजस्थान।
02.श्रीमान् निजी सचिव प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान जयपुर।
03.श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर।
04.रक्षित पत्रावली।

23/10

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय मा0शिक्षा अजमेर

Scanned by CamScanner